Title: Need to formulate a plan for development of Inter-state navigation in Ganga River between Buxar and Farakka, Bihar.

श्री राजो सिंह (बेगूसराय) : अध्यक्ष महोदय, मैं सदन के माध्यम से यह सूचित करना चाहता हूं कि अंतर्देशीय जल मार्ग की गंगा प्रणाली के तहत बिहार में बक्सर से फरक्का तक का बड़ा क्षेत्र आता है। इस क्षेत्र में अंतर्देशीय जल मार्ग को इस्तेमाल लायक बनाने की आवश्यकता है ताकि बिहार में ढुलाई और यातायात की सुविधाओं में सुधार हो सके। उत्तरी बिहार में अन्य आपरेशनल नदी प्रणालियां हैं जिनके माध्यम से यातायात को सुधारने तथा अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए अंतर्देशीय जल मार्गों संबंधी संभावनाओ का पता लगाया जा सकता है।

मैं, जल भूतल परिवहन मंत्री महोदय से यह अनुरोध करना चाहता हूं कि एक विस्तृत व्यावहारिकता अध्ययन कराकर तथा इसके फलस्वरूप बनने वाले प्रस्तावों के कार्यान्वयन के लिए ठोस परियोजना बनाने की कृपा करें।